214 Sale Value 4,50,000/= P.S Madhupur 193

भारतीय गैर न्यायिक

पाँच रुपये FIVE RUPEES

रु.5 Rs.5

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

झारखण्ड JHARKHAND 03AA 030974

निबंधन अधिनियम....21...... के अधीन और छोटानागपुर संथालपरगना टेनेन्सी एक्ट की धारा............... के अधीन भी ग्राह्य है और इण्डियन स्टाम्प एक्ट 1899 की अनुसूचि A(1) के खण्ड...23...के अधीन यथावत स्टाम्प सहित (या स्टाम्प शुल्क के विमुक्त या स्टाम्प शुल्क अपेक्षित नहीं)

निबंधन पदाधिकारी

बिक्रय पत्र

**बिक्रेता :– जसमुद्दीन शेख** पिता स्व0 इसमाईल शेख, जाति शेख, पेशा व्यवसाय, साकिन ग्राम भौंराटॉड़, थाना मधुपुर, सबडिविजन वो सबरजिष्ट्री मधुपुर जिला व जिला सबरजिष्ट्री देवघर, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय। **पेन न0** GNPPS8238J

**क्रेता :– रकीमा खातून** पति मो0 शाहिद हसन, जाति मोमिन, पेशा गृहिणी, साकिन ग्राम उझंडी, थाना व जिला जमुई। राज्य– बिहार, राष्ट्रीयता –भारतीय। आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न।

दस्तावेज जाँच A.K. Chaudhary जाँचकर्ता 22-12-2017

झारखण्ड सरकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक 499 दिनांक 19/6/17 के आलोक में

**लेख्य प्रकार** : – बिक्रय पत्र।
**बिक्रीत सम्पत्ति की कीमत** :– कुल 4,50,000/– चार लाख पचास हजार रूपये मात्र।
**बिक्रीत सम्पत्ति का विरवण** – विदित हो कि जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला एवं जिला सबराजिष्ट्री ऑफिस देवघर, थाना, सबडिविजन व सबराजिष्ट्री ऑफिस मधुपुर विदित हो कि निम्न वर्णित जमीन गेंजर सर्वे सेटलमेंट के पर्चा में बसौड़ी जमाबंदी न0 59/78, तालुक पाथरोल, सामील मौजा पथरचपटी नं0–271 के अंदर बसौडी सत्व की जमीन सर्वे सेटलमेंट प्लाट नं0–397में हरी प्रसाद चटटोपध्य, प्रमोद प्रकाश चटटोपध्य और मनमथो नाथ चटटोपध्य सभी के शशि भुषण चटटोपध्य, साकिन शशि भुषण चटर्जी रोड़, पथरचपटी, थाना मधुपुर, जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर के निवासी के नाम से दर्ज हैं।

विदित हो कि उक्त सम्पत्ति को प्रमोद प्रकाश चटटोपध्य के वारीशान, वारिस सुत्र से प्राप्त कर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार रहते हुए। दिनांक 15.12.1998 ईस्वी में निबंधन कार्यालय देवघर से निबंधित एक किता बिक्रय पत्र पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 132, पृष्ठ संख्या 915 से 924 में निबंधित जिसकी संख्या 3097 वर्ष 1998 ईस्वी (वास्ते 16–8–2010) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंदर रकवा 2 दो कठठा 10 दस धुर अंदर थोका नं0–158 एवं 157/K यानि 2807 वर्गफीट अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं–04, बमोजीव उक्त दस्तावेज क संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश प्लाट नं0 397को मय कुल हक हकूक श्री जीवानन्द चटर्जी पिता स्व0 प्रमोद प्रकाश चटर्जी साकिन शशी भूषन चटर्जी रोड़ मधपुर, जिला देवघर के निवासी से खरीद किये। **बिक्रय पत्र छाया प्रति संलग्न– अनुलग्नक–2**

3

उपर्युक्त मैं बिक्रेता उक्त खरीदगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर तथा अंचल कार्यालय मधुपुर एवं नगरपालिका मधुपुर में अपना नाम दर्ज करवाकर व सलाना खजाना व नगरपालिका टेक्स आदाय करते हुए बहैसियत पूर्ण मालिक आज तक निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हुँ। **खाजाना रसीद एवं नगरपालिका टेक्स की छाया प्रति संलग्न अनुलग्नक–2**

अभी उपर्युक्त मुझ बिक्रेता को अपने आवश्यक जरूरी सांसारिक खर्च के लिए रूपये की सख्त जरूरत है, इसलिए अपनी उक्त खरीदगी सम्पत्ति के अन्दर रकवा 1181 वर्गफीट को जिसका पूर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है को बिक्री करने का ऐलान किया।

आप क्रेता उसे अभी के बाजार भाव की दर से अधिकतम कीमत पर से खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्ष की मंजुरी से उक्त सम्पत्ति की कीमत कुल 4,50,000/– चार लाख पचास हजार रूपये कायम हुए।

अतएवं आज तारीख मैं बिक्रेता, आप क्रेता से कीमत के कुल 4,50,000/– चार लाख पचास हजार रूपये एक मुश्त लेकर उपर खाना में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हककुक आप क्रेता के पास बिक्री कर दिया और आपके दखल कब्जे में दे दिया।

अब आप क्रेता हम बिक्रेता के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारणी होकर मय अपने पुत्र पोत्र उत्तराधिकारी मय वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग दखल, दान, बिक्री, मौरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने की अधिकारिणी, होकर

स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल करते रहें इसमें मैं बिक्रेता मय वारिसान को किसी भी तरह की उज्र –आपत्ति नहीं होगी न कोई कर सकेगा। अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

उक्त बिक्रय सम्पत्ति का मैं बिक्रेता ही एक मात्र मालिक हुँ इसमें दूसरा कोई अंशदार या दखलकार नहीं है व इसके पहले उक्त सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय–संयूक्त या हस्तान्तरण आदि यानि दान, बिक्रय, एकरार, मौरगेज, बसीयत आदि नहीं किये है, तथा किसी भी सरकारी या गैरसरकारी विभाग या कार्यालय से या किसी भी बैंक द्वितीय संस्थान से किसी तरह का ऋण आदि नहीं लिये है, यानि निम्न सम्पत्ति हर तरह से व हर तरफ से पाक वो साफ है।

उक्त बिक्रीत सम्पत्ति के बावत अगर भविष्य में मैं बिक्रेता मय वारिशान को कुछ लिखना या करना पड़ेगा तो उस हालत में, आप क्रेता मय वारिशान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने के लिए तैयार रहुगॉ। इस बिक्रय पत्र में किसी भी त्रुटि के लिए हम बिक्रेता ही जिम्मेवार होउगॉ।

अतएव आज तारीख मैं बिक्रेता अपने स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दबाव या बहकावे के कीमत के कुल रूपये एक मुश्त लेकर यह बिक्रय पत्र लिख दिया जो समय जरूरी काम आवें। इति तारीख 22/12/17

5

**अनुसूची सम्पत्ति**

जिला व जिला सबरजिष्ट्री देवघर, सबडिविजन व थाना, सबरजिष्ट्री मधुपुर, सामील मौजा पथरचपटी, थाना नं0–271 के अदंर बसौड़ी सत्व की जमीन, गेंजर सर्वे सेटलमेंट बसौरी जमाबंदी न0 59/78, का अंश, रकवा **1181(एक हजार एक सौ एकासी) वर्गफीट यानि 2•71डी0** अंदर **थोका नं0–158 एवं 157/क** का अंश, अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं0–04, पुराना, नया 21 जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक बिक्री किया जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है :–


**उत्तर** :– बिक्रेता की जमीन।
(इधर की माप पुरब से –पश्चिम 26'3''फीट।)

**दक्षिण** :– कॉमन रोड।
(इधर की माप पुरब से पश्चिम 26'–3'' फीट)।

**पूरब** :– 5'–00'' चौड़ा कॉमन पैसेज।
(इधर की माप उत्तर– दक्षिण 45'–00 फीट।)

**पश्चिम** :– समयुद्दीन अंसारी का मकान।
(इधर की माप उत्तर से– दक्षिण 45'–00 फीट।)

**घोषणा** – बिक्रीत सम्पत्ति अन्य सड़क पर स्थित हैं जो आवासीय है निर्धारित मुल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया हैं।



Attested by me A.K. Pandey Adv 22/12/17

Md. Nawaz Arif

Md. Nawaz Arif
S/o Md. Suleman
R/o Balwan Bigha, Madhupur, Deoghar


Md. Nawaz Arif
22/12/17

(2)

22/12/17


MOUZA: PATHARCHAPTI NO. 271, P.S.- MADHUPUR, DIST.- DEOGHAR
WITHIN MADHUPUR MUNICIPAL WARD NO. 21, THOKA NO.
158+157/K, PART OF PLOT NO. 397, AREA: 1181.00 SQFT.
MORE OR LESS, SHOWN IN RED COLOUR BELONGS TO
MD. JASMUDDIN SHEKH S/O MD. ISMAIL R/O-
BHORATANR, P.S.- MADHUPUR, DIST.- DEOGHAR.
NOW SOLD TO RAKIMA KHATOON W/O MD.
SHAHID HASSAN R/O- UJHANDI, P.S.- JAMUI, DIST.- JAMUI (BIHAR)




Traced by
P.K. Nandan.
Amin.

बिक्रेता का फोटो हस्ताक्षर व टीप निशान .....



क्रेता का फोटो हस्ताक्षर व टीप निशान .....



प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक के फोटो जो इस दस्तावेज में लगाये गये है के बॉये हाथ के अगुलियो के निशान मेरे सामने लिये गये है,। दस्तावेज पढकर फरीकैन को सुना व समझा दिया।